(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN): (a) and (b) After an agreement on 29th October, 1989 reached in the presence of the then Union Home Minister, the Ladakh Buddhist Association (LBA) dropped the demand for grant of Union Territory Status for Ladakh. The Government of Jammu & Kashmir had promised to examine and consider the demand for an autonomous District Hill Council and to formulate an integrated tribal sub-plan within a time frame. Further discussions with LBA are continuing.

ताजमहल पर प्रदूषण का प्रभाव

@930. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिरला विज्ञान अनुसंधान संस्थान ने ताजमहल पर प्रदूषण के दुष्प्रभावों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय सुदूर संवेदी एजेंसी के साथ मिल कर कोई अध्ययन किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) और (ख) जी, हां । अध्ययन के ब्यौरों में निम्नलिखित शामिल हैं :—

(1) सल्फर डाई ऑक्साइड प्रमुख प्रदूषक है जबकि नाइट्रोजन के ऑक्साइडों से भी ताजमहल को क्षति पहुंच सकती है ।

(2) वर्षों से हो रहे प्रदूषण के कारण ताजमहल की सतह से चमक समाप्त हो चुकी है तथा वह खुरदरी हो गई है और उस पर थोड़ा पीलापन आ गया है ।

(3) ताजमहल पर एक समान प्रभाव नहीं पड़ा है । प्रदूषण की मात्रा अलग अलग स्थानों पर अलग-अलग है । सल्फर डाई ऑक्साइड का प्रभाव ऊपर अर्थात् गुम्बद पर निचले स्तरों अर्थात् आधार के मुकाबले काफी कम है ।

(4) सल्फर डाइऑक्साइड से ताजमहल के भीतरी भागों की अपेक्षा बाहरी भागों में अधिक क्षति हुई है ।

ताजमहल को प्रदूषण के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों में निम्नलिखित शामिल हैं :—

(1) ताजमहल के चारों ओर एक समलम्ब बनाया गया है । इस क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को स्थापित करने की अनुमति नहीं दी जाती है ।

(2) आगरा में उद्योगों द्वारा फनस ऑयल और डीजल जनरेटरों के प्रयोग पर प्रतिबन्ध है । सर्दियों की रातों में ढलाई-घर चालू करने की अनुमति नहीं दी जाती है ।

(3) परिवेशी वायु में सल्फर डाइ-ऑक्साइड तथा नाइट्रोजन के ऑक्साइडों की प्रवृत्ति का पता लगाने के लिए जनवरी, 1981 से ताजमहल में एक निरन्तर चलने वाला सल्फर डाई ऑक्साइड निगरानी केन्द्र बनाया गया है ।

(4) मथुरा तेल शोधक कारखाना अपनी स्थापन के प्रारंभ से ही मथुरा और उसके आसपास स्थानों में परिवेशी वायु गुणवत्ता की लगातार निगरानी कर रहा है ।

(5) उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा आगरा में परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्रों का एक नेटवर्क स्थापित और संचालित किया गया है ।

(6) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत उत्सर्जन मानक निर्धारित किये गये हैं ।

@पूर्वत: अतारांकित प्रश्न 629, 28 फरवरी, 1992 से स्थानांतरित

(7) परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक बनाए गए हैं ।

(8) उत्सर्जनों को निर्धारित सीमाओं के भीतर रखने के लिए उद्योगों से राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों की स्वीकृति की अपेक्षाओं का पालन करने के लिए कहा गया है ।

(9) दोषी उद्योगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाती है ।

(10) मोटरवाहन नियमावली, 1989 के अंतर्गत सभी प्रकार के वाहन के लिए व्यापक एवं ठोस उत्सर्जन मानक अधिसूचित किये गये हैं ।

(11) जन-जागरूकता अभियान चलाए गए हैं ।

Pending irrigation schemes of Tamil Nadu for clearance

931. SHRI R. T. GOPALAN: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) the details of the irrigation schemes of Tamil Nadu pending with government for clearance; and

(b) since when these schemes have been pending?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH): (a) and (b) No irrigation scheme of Tamil Nadu is pending in this Ministry for clearance under the Forest (Conservation) Act, 1980 as on 28-2-1992.

Pollution of Desang River by Hindustan Fertilizer Corporation, Assam

932. SHRI BHADRESWAR BURAGOHAIN: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the waston pollution of the Desang river by the Hindustan Fertilizer Corporation's Namrup unit in Assam;

(b) whether Government are also aware that inspite of repeated requests and demands no action has been taken by the authorities to save the river water from pollution;

(c) whether Government are aware that the cattle, trees and even rabi crops have been adversely affected in the nearby area due to wanton air and water pollution from the fertilizer plant; and

(d) what steps Government propose to take in this regard?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH): (a) Yes, Sir.

(b) to (d) Effluents generated from the Hindustan Fertilizer Corporation Limited (HFCL) do not conform to the prescribed standards. The Assam Pollution Control Board directed HFCL to stop discharge to the Desang river. In response to this the HFCL submitted a time-bound action plan. The progress of hte time bound action plan as reviewed, was unsatisfactory and the Government of Assam has issued directions under section 5 of the Environment (Protection) Act, 1986 to this industry to set up the requisite effluent treatment plant within a time-frame.

वन्य जीव संरक्षण अधिकारियों के विरुद्ध शिकायतें

933. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत तीन वर्षों के दौरान वन्य जीव संरक्षण अधिकारियों के विरुद्ध शिकायतें प्राप्त हुई है ;

(ख) यदि हां, तो उनका राज्य-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उन पर अभी तक क्या कार्यवाही की गई है ?